

# UNIVERSITY NEWS 02 AUGUST 2026

## HINDUSTAN

### एलयू ने स्नातकोत्तर तीन कोर्स की प्रोविजनल कंप्लीट मेरिट जारी की

# एलयू में बीएससी मैथ्स का पहला सीट आवंटन जारी

**प्रवेश प्रक्रिया**

- विश्वविद्यालय में मेरिट के आधार पर छात्रों को सीटें आवंटित की गई हैं
- सीट आवंटित तो 2 अगस्त की रात 12 बजे तक शुल्क जमा करना होगा

**लखनऊ, कार्यालय संवाददाता।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक (यूजी) सत्र 2026-27 में बीएससी (मैथ्स) पाठ्यक्रम के ऑनलाइन काउंसिलिंग के तहत प्रथम सीट आवंटन जारी कर दिया है। मेरिट के आधार पर सीटें आवंटित की गई हैं। जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई है, उन्हें 2 अगस्त की रात 12 बजे तक ऑनलाइन सीट कन्फर्मेशन फीस जमा करनी होगी। निर्धारित समय सीमा में शुल्क जमा नहीं करने पर आवंटित सीट पर दावा समाप्त हो सकता है।

**एमए अर्थशास्त्र और एमएससी बॉटनी की मेरिट जारी:** एलयू ने स्नातकोत्तर प्रवेश सत्र 2026-27 के तहत तीन पाठ्यक्रमों की प्रोविजनल कंप्लीट मेरिट सूची जारी कर दी है। विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने शनिवार को नोटिस में बताया कि एमए इकोनॉमिक्स, एमए पॉलिटिकल साइंस और एमएससी बॉटनी की प्रोविजनल मेरिट लिस्ट घोषित कर दी गई है।

अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं। विवि प्रशासन ने अभ्यर्थियों से सूचनाओं पर नजर रखने की अपील की है।



### बीकॉम आनर्स की पांचवी सीट आवंटन सूची जारी

एलयू ने स्नातक (यूजी) सत्र 2026-27 की ऑनलाइन काउंसिलिंग के तहत विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए सीट आवंटन का परिणाम शनिवार को जारी कर दिया। विश्वविद्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार बीएससी एग्रीकल्चर, बीवीए/बीएफए, डीफार्मा के तीसरा, पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड एलएलबी, बीबीए और बीसीए के लिए चौथा तथा बीकॉम (ऑनर्स), बीकॉम (एनईपी) और बीवोक के लिए पांचवां सीट आवंटन घोषित किया गया है। अभ्यर्थी अपना आवंटन विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर देख सकते हैं। 2 अगस्त की रात 12 बजे तक शुल्क जमा करना होगा।

## DAINIK JAGRAN

# लवि : कई पाठ्यक्रमों का सीट आवंटन जारी

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय स्नातक प्रवेश सत्र 2026-27 के अंतर्गत बीएससी मैथ्स की आनलाइन काउंसिलिंग में अभ्यर्थियों के लागइन पर सीट आवंटन जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपने आवेदन फार्म नंबर से सीट आवंटन देख आनलाइन सीट कंफर्मेशन फीस दो अगस्त की रात 12 बजे तक जमा कर दें। विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव के अनुसार बीएससी कृषि, बीवीए, बीएफए, डीफार्म का तीसरा व एलएलबी (इंटीग्रेटेड पंच वर्षीय), बीबीए व बीसीए का चौथा और बीकाम आनर्स, बीकाम एनईपी व बीवोक पाठ्यक्रमों का पांचवां अलाटमेंट कर दिया है।

## NBT

एलयू में मैनेजमेंट समेत कई विभागों ने एआई को सिलेबस में किया शामिल

# छात्रों से पहले शिक्षक पढ़ेंगे AI

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस को सभी छात्रों तक पहुंचाने के लिए मैनेजमेंट से लेकर आर्ट्स कॉमर्स तक के सिलेबस में एआई को शामिल किया गया है। लेकिन इन सभी कोर्सों में टीचिंग फैकल्टी अब भी वही है। पुराने शिक्षक ही अब एआई भी छात्रों को पढ़ाएंगे। ऐसे में छात्रों से पहले अब शिक्षकों को एआई पढ़ना पड़ रहा है।

विवि में हाल में मैनेजमेंट विभाग की ओर से सभी विषयों में एआई को शामिल किया गया है। जबकि मैनेजमेंट में एआई का कोई विशेषज्ञ नहीं है। एआई का नया पेपर भी मैनेजमेंट के शिक्षक ही पढ़ा रहे है। इसके अलावा कॉमर्स व आर्ट्स में भी अलग-अलग विभागों की ओर से एआई को सिलेबस में शामिल किया गया है। ऐसे में अब शिक्षकों के सामने चुनौती है कि पहले एआई खुद पढ़ें उसके बाद छात्रों को पढ़ाएं।

**विभाग कर रहे शिक्षकों को अपडेट:** नई चुनौती से निपटने के लिए विभागों ने भी अपने शिक्षकों को अपडेट करना शुरू कर दिया है। मैनेजमेंट विभाग की ओर से हाल में फैकल्टी डिवेलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया। मैनेजमेंट की हेड प्रो. रितु नारंग ने बताया कि चुनौती सिर्फ एआई ही नहीं है बल्कि हर क्षेत्र में बदलाव हो रहा है। ऐसे में शिक्षकों को उसके हिसाब से अपडेट रहना है।



### स्टूडेंट्स का मानसिक तनाव दूर करेंगे काउंसलर

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में अब एक सायकॉलजिस्ट को बतौर काउंसलर तैनात किया गया है। विवि की बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट में भी इसे मंजूरी दे दी गई है। इसके अलावा विवि में एलोपैथ के साथ अब आयुर्वेद का इलाज भी छात्रों को मिल सकेगा। इसके लिए विवि में एक आयुर्वेद विशेषज्ञ की तैनाती को भी मंजूरी दी गई है। दोनों सुविधाएं छात्रों को पूरी तरह से निःशुल्क दी जाएंगी।

विवि में डॉ. नगमा जावेद को बतौर काउंसलर तैनात किया है। इन्हें प्रति काउंसलिंग सेशन के हिसाब से विवि भुगतान करेगा। 90 मिनट का एक सेशन विवि की ओर से काउंट किया जाएगा। वहीं डॉ. एके मिश्रा आयुर्वेद विशेषज्ञ के रूप में कॉन्ट्रैक्ट पर तैनात किया गया है जिन्हें अभी छह महीने के लिए तैनाती दी गई है।

## NBT

# 'कनेक्शन बढ़े, लेकिन भावनात्मक गहराई अब भी चुनौती'

दोस्ती का दायरा पहले से कहीं अधिक बढ़ा दिया है। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विशेषज्ञ प्रो. पवन कुमार मिश्रा के अनुसार, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लैटफॉर्म ने युवाओं को बड़े फ्रेंड सर्किल से जोड़ने के साथ अपनी बात खुलकर रखने का मंच भी दिया है। आज युवा एक साथ कई लोगों से जुड़े रहते हैं और संवाद पहले की तुलना में अधिक सहज हो गया है। हालांकि, उनका मानना है कि यह कहना सही नहीं होगा कि सिर्फ दोस्ती के तरीके बदले हैं और भावनाएं पहले जैसी ही हैं। डिजिटल माध्यमों ने रिश्तों को तेज और सुविधाजनक जरूर बनाया है, लेकिन उनमें पहले जैसी भावनात्मक गहराई कम होती दिख रही है। भौतिकतावादी सोच और तेज रफ्तार जीवनशैली का असर रिश्तों पर भी पड़ा है। प्रो. मिश्रा बताते हैं कि 23 से 30 वर्ष के युवाओं पर हुए अध्ययनों से पता चलता है कि डेटिंग ऐप्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के कारण अनजान लोगों के बीच भी रिश्ते तेजी से बन रहे हैं। वहीं, इन रिश्तों में अस्थिरता और ब्रेकअप के मामले भी पहले की तुलना में बढ़े हैं। यह बदलाव Gen Z की दोस्ती और सामाजिक संबंधों के नए स्वरूप को दर्शाता है।

## VOICE OF LUCKNOW

# छात्र आदित्य को मिला गोल्ड मेडल



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 69वें दीक्षांत समारोह में वेस्टर्न हिस्ट्री विभाग के छात्र आदित्य वशिष्ठ को 'पंडित दिवाकर नाथ मिश्र गोल्ड मेडल' से सम्मानित किया गया। आदित्य ने एमए वेस्टर्न हिस्ट्री में सर्वाधिक अंक प्राप्त किये हैं। केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में समारोह में राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल, नीति आयोग के सदस्य प्रो. अभय करंदीकर, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, कुलपति जेपी सैनी एवं अन्य गणमान्य जन शामिल हुए। आदित्य वशिष्ठ ने बताया कि इस मेडल का श्रेय मेरे माता-पिता और शिक्षकों को जाता है।

## AMAR UJALA

# लविवि : सीट आवंटन परिणाम जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2026-27 के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीट आवंटन परिणाम जारी कर दिए हैं। ऑनलाइन काउंसिलिंग में शामिल अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर अपना आवंटन देख सकते हैं। प्रवेश समन्वयक अनित्य गौरव ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को सीट मिली है, उन्हें दो अगस्त की मध्यरात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन सीट कन्फर्मेशन फीस जमा करनी होगी। इसके अलावा स्नातक प्रवेश सत्र 2026-27 के तहत बीएससी (गणित) पाठ्यक्रम की 15वीं सीट आवंटन सूची शनिवार को जारी कर दी। शुल्क जमा करने की अंतिम दो अगस्त है। लविवि ने सत्र 2026-27 की परास्नातक प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। (संवाद)

## HINDUSTAN

# विश्वविद्यालयों में आज से नशा मुक्ति अभियान शुरू

**जागरूकता**

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** यूपी के विश्वविद्यालय व डिग्री कॉलेजों में नशा मुक्ति का महाअभियान चलाया जाएगा। छात्रों को नशे से दूर रहने और विश्वविद्यालयों में इसके लिए जन-जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को देश भर के 10 हजार संस्थानों के एक करोड़ युवाओं को ऑनलाइन संबोधित करेंगे। जिसका सजीव प्रसारण सभी विश्वविद्यालय व कॉलेजों में दिखाया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि यूपी के उच्च शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी भी इस कार्यक्रम से जुड़ें और सजीव प्रसारण देखें। आगे हर रविवार को शिक्षण संस्थानों में नशा मुक्ति अभियान व जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा।